# मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग

## सामान्य अध्ययन

### मुख्य परीक्षा-2017 (प्रथम प्रश्न-पत्र)

**समय : 3 घंटे**

**पूर्णांक : 300**
**(खण्ड-अ 150 + खण्ड-ब 150)**

**परीक्षार्थियों के लिए निर्देश :**

- इस प्रश्न-पत्र में **खण्ड-अ** एवं **खण्ड-ब** हैं। प्रत्येक खण्ड **150 अंक** का है।
  1. प्रत्येक खण्ड में कुल कुल तीन प्रश्न हैं। सभी प्रश्नों के उत्तर देना आवश्यक है। प्रश्न क्रमांक 02 तथा 03 में आंतरिक विकल्प हैं। प्रश्न क्रमांक 02 में शब्द सीमा 100 है तथा प्रश्न क्रमांक 03 में शब्द सीमा 300 है।
  2. प्रश्नों के उत्तर उसी माध्यम में लिखे जाने चाहिए जिसका चयन आपने आवेदन-पत्र में किया है। किसी अन्य माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेगा। सभी 03 प्रश्न करना अनिवार्य है। प्रश्न-पत्र के अनुसार ही प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार दें, एक ही प्रश्न के विभिन्न भागों के उत्तर अनिवार्य रूप से एक साथ ही लिखे जायें तथा उनके बीच अन्य प्रश्नों के उत्तर न लिखे जायें।
  3. प्रथम प्रश्न अति लघु उत्तरीय है, जिसमें 15 अनिवार्य प्रश्न हैं। प्रत्येक का उत्तर एक आथवा दो पंक्तियों में देना है।
  4. जहाँ शब्द सीमा दी गई है, उसका अवश्य पालन करें।
  5. यदि किसी प्रश्न में किसी प्रकार की कोई मुद्रण या तथ्यात्मक प्रकार की त्रुटि हो, तो प्रश्न के हिन्दी तथा अंग्रेजी रूपांतरण में से अंग्रेजी रूपांतरण मानक माना जायेगा।

**खण्ड-अ**

**1. इस प्रश्न में A से O तक कुल 15 अति लघु उत्तर स्वरूप के प्रश्न हैं जिनका उत्तर एक या दो पंक्तियों में देना है। आन्तरिक विकल्प नहीं है। प्रत्येक प्रश्न 03 अंको का है।** **(15 x 3 = 45)**

(A) राफेल
(B) मांटेस्क्यू
(C) विखाखदत्त
(D) तराइन का द्वितीय युद्ध
(E) अश्वघोष
(F) कलिंग युद्ध
(G) रामानन्द
(H) अलबेरुनी
(I) ईश्वरचन्द्र विद्यासागर
(J) चौरी चौरा घटना
(K) सुभद्रा कुमारी चौहान
(L) बिरसा मुंडा
(M) भवभूति
(N) पेशवा बाजीराव प्रथम
(O) लॉर्ड माउण्टबेटन

**2. निम्नलिखित में से किन्हीं 10 प्रश्नों के उत्तर प्रत्येक लगभग 100 शब्दों में लिखिए :** **(10 x 6 = 60)**

(A) पुनर्जागरण इटली में ही क्यों प्रारम्भ हुआ? कारणों की विवेचना कीजिए।
(B) 1789 की फ्रांसीसी क्रांति की पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालिए।
(C) सिन्धु घाटी के पतन पर टिप्पणी लिखिए।
(D) दहसाला बन्दोबस्त के विकास में राजा टोडरमल के योगदान पर प्रकाश डालिए।
(E) 1857 के विद्रोह की प्रकृति की विवेचना कीजिए। क्या यह स्वतंत्रता संग्राम था?
(F) मध्य प्रदेश के बौद्ध स्थलों की विशेषताओं को रेखांकित करें।
(G) उन परिस्थितियों का वर्णन कीजिए जिनमें भारत को स्वतंत्रता प्राप्त हुई।
(H) शेरशाह का शासक के रूप में मूल्यांकन करें।
(I) मालवा की चित्रकला की विशेषताओं पर प्रकाश डालें।
(J) राष्ट्रवाद के विकास में आर्य समाज की भूमिका का विश्लेषण कीजिए।
(K) उत्तर वैदिक काल (1000 B.C. - 600 B.C.) की सामाजिक दशा पर प्रकाश डालें।
(L) गांधीजी ने देश के विभाजन को क्यों स्वीकार किया?

3. **निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर प्रत्येक लगभग 300 शब्दों में लिखिए : (3 x 15 = 45)**
   (A) रूसी क्रांति (1917) के कारणों का विस्तार से वर्णन करें।
   (B) अकबर को राष्ट्रीय सम्राट क्यों कहते हैं? विस्तार से समझाइए।
   (C) मध्य प्रदेश में पर्यटन के विकास पर संक्षिप्त निबन्ध लिखिए।
   (D) सांस्कृतिक उपलब्धियों के आधार पर गुप्त काल को प्राचीन भारत का स्वर्ण युग कहना कहाँ तक उचित होगा?

**खण्ड-ब**

1. **प्रश्न क्रमांक 01 में कुल 15 अत्यन्त लघु उत्तर स्वरूप के प्रश्न दिये गए हैं। प्रत्येक उत्तर एक या दो पंक्तियों में देना होगा। सभी प्रश्न A से O तक अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न 03 अंक का है। यह प्रश्न कुल 15 x 3 = 45 अंको का है।**
   (A) ह्यूमस को परिभाषित कीजिए।
   (B) रेशम कृषि को परिभाषित कीजिए।
   (C) ग्रीन हाउस प्रभाव उत्पन्न करने वाली गैसों का वर्णन कीजिए।
   (D) मृदा का अर्थ बताइये।
   (E) 'दून' एवं 'दुआर' को परिभाषित करें।
   (F) मालाबार तट
   (G) बलराम ताल योजना
   (H) दीप्ति प्रसारण अनुपात क्या है?
   (I) भारत में भूमि सुधारों का वर्णन कीजिए।
   (J) 'वर्षा का प्रतिलोमन' को परिभाषित करें।
   (K) केन्द्रीय व्यापार क्षेत्र को परिभाषित कीजिए।
   (L) जेट स्ट्रीम को संक्षेप में परिभाषित कीजिए।
   (M) वर्ष 2013 में उत्तराखण्ड में आई आकस्मिक बाढ़ के क्या कारण थे?
   (N) गरजती चालीसा से आप क्या समझते हैं? इनकी स्थिति बताइए।
   (O) एल नीनो एवं ला नीनो को परिभाषित कीजिए।
2. **प्रश्न क्रमांक 02 में कुल 15 लघु उत्तर स्वरूप के प्रश्न दिए गए हैं। प्रत्येक उत्तर लगभग 100 शब्दां में देना है। कुल 10 प्रश्नों का उत्तर देना होगा। प्रत्येक प्रश्न 6 अंकों का है। यह प्रश्न कुल 10 x 6 = 60 अंकों का है।**
   (A) छोटा नागपुर पठार औद्योगिक प्रदेश पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।
   (B) मध्य प्रदेश - छत्तीसगढ़ राज्यों में नहर सिंचाई का मूल्यांकन कीजिए।
   (C) मध्य भारत में जनजातियों के भौगोलिक वितरण का वर्णन कीजिए।
   (D) भारत में कुपोषण की समस्या का परीक्षण कीजिए।
   (E) मध्य प्रदेश के कृषि-जलवायु उप-प्रदेशों को चिह्नित कीजिए।
   (F) चेर्नोबिल परमाणु संयंत्र त्रासदी 1986 का वर्णन कीजिए।
   (G) पारिस्थितिक कृषि क्या है? यह हरित क्रान्ति कृषि से कैसे भिन्न है? विवेचना कीजए।
   (H) विन्ध्याचल-बघेलखण्ड पठार की भौगोलिक विशेषताओं पर टिप्पणी लिखिए।
   (I) चम्बल परियोजना की विवेचना कीजिए।
   (J) मध्य प्रदेश में मृदा क्षरण एवं मृदा ह्रास की समस्याओं की विवेचना कीजिए तथा इसके निदान के उपाए बताइए।
   (K) महान हिमालय या हिमाद्रि पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।
   (L) ग्रीवाखण्ड क्या है?
   (M) महासागरीय लवणता के पाँच नियंत्रक कारकों के नाम बताइये।
   (N) गुप्त ऊष्मा क्या है?
   (O) भारत की अनुपपन्न (बेमेल) नदी का नाम बताइये।
3. **प्रश्न क्रमांक 03 में कुल पाँच प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक उत्तर लगभग 300 शब्दों में होना चाहिए। कुल 03 प्रश्नों के उत्तर देना होगा। इस प्रकार यह प्रश्न कुल 3 x 15 = 45 अंको का है।**
   (A) मध्य प्रदेश को भौतिक प्रदेशों में विभक्त कीजिए तथा उनका विस्तृत विवरण प्रस्तुत कीजिए।
   (B) आपदा प्रबंधन के संस्थात्मक संगठन एवं आधारभूत प्राधार (ढाँचा) नीति का वर्णन कीजिए।
   (C) भारत में जनसंख्या स्थिर करने के मानकों का मूल्यांकन कीजिए एवं बढ़ती जनसंख्या रोकने हेतु सरकारी नीति की विवेचना कीजिए।
   (D) मध्य प्रदेश की जल प्रवाह प्रणाली का विवरण दीजिए।
   (E) प्लेट विवर्तनिक सिद्धान्त क्या है? प्लेट विवर्तनिक का सागर तली प्रसार एवं महाद्वीपीय विस्थापन में भूमिका का वर्णन कीजिए।


GS World

# मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग

## सामान्य अध्ययन

## मुख्य परीक्षा-2017 ( द्वितीय प्रश्न-पत्र )

**समय : 3 घंटे**

**पूर्णांक : 300**
**( खण्ड-अ 150 + खण्ड-ब 150 )**

**परीक्षार्थियों के लिए निर्देश :**

- इस प्रश्न-पत्र में **खण्ड-अ** एवं **खण्ड-ब** हैं। प्रत्येक खण्ड **150 अंक** का है।

1. प्रत्येक खण्ड में कुल तीन प्रश्न हैं। सभी प्रश्नों के उत्तर देना आवश्यक है। प्रश्न क्रमांक 02 तथा 03 में आंतरिक विकल्प हैं। प्रश्न क्रमांक 02 में शब्द सीमा 100 है तथा प्रश्न क्रमांक 03 में शब्द सीमा 300 है।
2. प्रश्नों के उत्तर उसी माध्यम से लिखे जाने चाहिए जिसका चयन आपने आवेदन-पत्र में किया है। किसी अन्य माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेगा। सभी 03 प्रश्न करना अनिवार्य है। प्रश्न-पत्र के अनुसार ही प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार दें, एक ही प्रश्न के विभिन्न भागों के उत्तर अनिवार्य रूप से एक साथ ही लिखे जायें तथा उनके बीच अन्य प्रश्नों के उत्तर न लिखे जायें। परीक्षा में सामान्य कैलकुटलेटर ही उपयोग में लिया जा सकता है, साइन्टिफिक नहीं।
3. प्रथम प्रश्न लघु उत्तरीय है, जिसमें 15 अनिवार्य प्रश्न हैं। प्रत्येक का उत्तर एक अथवा दो पंक्तियों में देना है।
4. जहाँ शब्द सीमा दी गई है, उसका अवश्य पालन करें।
5. यदि किसी प्रश्न में किसी प्रकार की कोई मुद्रण या तथ्यात्मक प्रकार की त्रुटि हो, तो प्रश्न के हिन्दी तथा अंग्रेजी रूपांतरण में से अंग्रेजी रूपांतरण मानक माना जायेगा।

### खण्ड-अ

**1. निम्नलिखित 15 प्रश्नों के उत्तर प्रत्येक एक अथवा दो पंक्तियों में दीजिए :** **(15 x 3 = 45)**

(A) भारतीय संविधान की प्रस्तावना में निहित किन्हीं तीन मूलभूत मान्यताओं को लिखिए।

(B) संविधान की बारहवीं अनुसूची किससे सम्बन्धित है और इसमें कितने विषय उल्लेखित हैं?

(C) भारतीय संविधान के अनुच्छेद 323-A के क्या प्रावधान है?

(D) भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद में भारतीय राष्ट्रपति की निर्वाचन पद्धति का प्रावधान है तथा इस पद्धति का नाम क्या है?

(E) कौन से माह और वर्ष में लोकपाल विधेयक संसद के अनुमोदित हुआ था?

(F) तारांकित व अतारांकित प्रश्नों में क्या अन्तर है?

(G) भारतीय राष्ट्रपति के आपातकालीन अधिकार लिखिये।

(H) भारतीय संविधान के 74वें संशोधन के कोई भी दो प्रमुख प्रावधान लिखिये।

(I) अखिल भारतीय सेवा श्रेणियाँ कितनी हैं? इनके नाम लिखिये।

(J) मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग के कोई दो दायित्व लिखिये।

(K) भारतीय संविधान की प्रास्तावना में उल्लेखित 'बंधुता' से क्या तात्पर्य है?

(L) 'स्थगन प्रस्ताव' का क्या तात्पर्य है?

(M) सर्वोच्चय न्यायालय के आरम्भिक क्षेत्राधिकार से क्या तात्पर्य है?

(N) उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 1986 के कोई भी दो महत्त्वपूर्ण प्रावधान लिखिये।

(O) नियंत्रक व महालेखापाल की निष्पक्षता व स्वायत्तता हेतु कोई भी दो संवैधानिक रक्षाकवच लिखिये।

**2. किन्हीं 10 प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रश्नों के उत्तर लगभग 100 शब्दों में दीजिए। प्रत्येक प्रश्न 6 अंकों का है।** **(10 x 6 = 60)**

(A) भारतीय संविधान में एकात्मक तत्व

(B) राज्य उच्च न्यायालय का क्षेत्राधिकार

(C) राज्य लोकायुक्त संस्था की अप्रभाविता

(D) संघ-राज्य वित्तीय सम्बन्धों से सम्बन्धित विवादास्पद मुद्दे

(E) राज्य के राज्यपाल की विधायी शक्तियाँ

(F) राष्ट्रपति को पदच्युक्त करने की महाभियोग प्रक्रिया

(G) भारतीय संविधान में समानता का अधिकार

(H) केन्द्रीय सूचना आयोग की उपयोगिता

(I) प्राक्कलन समिति के कार्य व दायित्व

(J) प्रशासन में पारदर्शिता

(K) स्वयं सहायता समूहों की भूमिका

(L) निर्णयन प्रक्रिया में नागरिकों की भागीदारी

(M) राज्य प्रशासन में मुख्य मंत्री की भूमिका

(N) मौद्रिक नीति एवं इसके उद्देश्य

(O) मीडिया और इसके प्रकार

3. **निम्नलिखित तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रश्नों के उत्तर लगभग 300 शब्दों में दीजिए। प्रत्येक प्रश्न 15 अंकों का है। (3 x 15 = 45)**

(A) देश की शासन व्यवस्था में प्रधान मंत्री की भूमिका का आलोचनात्मक मूल्यांकन कीजिए।

**अथवा**

राज्य में कार्यरत शहरी स्थानीय शासन संस्थाओं के कार्यकरण पर एक आलोचनात्मक लेख लिखिए।

(B) केन्द्र-राज्य विधायी सम्बन्धों का विश्लेषण कीजिए।

**अथवा**

'सहकारी संघवाद : समस्याएँ व सम्भावनाएँ पर एक लेख लिखिए।

(C) राज्य में उच्च स्तरीय लोक सेवकों के प्रशिक्षण प्रणाली का विवेचन कीजिए तथा इस क्षेत्र में सुधार के लिए संक्षिप्त में सुझाव लिखिए।

**अथवा**

विश्व व्यापार संगठन के उद्देश्य एवं कार्यों का उल्लेख करें तथा भारत पर इसके प्रभाव का परीक्षण कीजिए।

**खण्ड-ब**

1. **निम्नलिखित 15 प्रश्नों के उत्तर एक या दो पंक्तियों में दीजिए-**

**(15 x 3 = 45)**

(A) दहेज निषेध अधिनियम, 1961 क्या है?

(B) उज्ज्वला कार्यक्रम द्वारा महिला उत्पीड़न पर रो. कथाम के उपाय क्या हैं?

(C) अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधि नियम, 1989 के असफलता के कारण लिखिये।

(D) महिला सशक्तिकरण घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम, 2005 के द्वारा कैसे संभव है?

(E) समाज में कानून द्वारा परिवर्तन कैसे लाया जा सकता है?

(F) कोपनहेगन सम्मेलन किससे सम्बन्धित है?

(G) मध्य प्रदेश की महिलाओं में रक्तअल्पता की समस्या

(H) मध्य प्रदेश में ग्रामीण महिलाओं का स्वास्थ्य एवं आशा (ASHA) की भूमिका

(I) स्तनपान का नवजात शिशु के स्वास्थ्य पर प्रभाव

(J) कुपोषण एवं ''मध्याह्न भोजन'' कार्यक्रम क्या है?

(K) संस्थागत प्रसव एवं माता-शिशु का स्वास्थ्य क्या है?

(L) बच्चों को पैदा होने से लेकर 5 वर्ष की आयु तक कौन-कौन से टीके लगाये जाते हैं?

(M) शिक्षा का अधिकार अधिनियम क्या है?

(N) गुणात्मक उच्चतर शिक्षा का स्तर बनाये रखने में यू.जी.सी. की भूमिका क्या है?

(O) वृद्धजनों से सम्बन्धित कल्याणकरी कार्यक्रम कौन-कौन से हैं?

2. **निम्नलिखित के उत्तर लगभग 100 शब्दों में दीजिए-**

**(10 x 6 = 60)**

(A) भारतीय समाज में भारतीय संविधान की प्रस्तावना के अनुरूप परिवर्तन आये हैं या नहीं। कारण देते हुये उत्तर लिखिये।

(B) महिलाओं का परिवार में शोषण रोकने के लिए कौन-कौन से अधिनियम हैं? इनमें से किसी एक अधिनियम का उल्लेख कीजिये।

(C) क्या सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 भ्रष्टाचार रोकने में सफल हुआ है? कारण सहित उत्तर लिखिये।

(D) उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 1986 के मुख्य-मुख्य प्रावधानों का उल्लेख कीजिये।

(E) भारत में यूनीसेफ द्वारा चलाये गये 'पोलियो उन्मूलन कार्यक्रम'' पर एक नोट लिखिये।

(F) मध्य प्रदेश में मातृत्व स्वास्थ्य सम्बन्धी सेवा कार्यक्रमों का उल्लेख कीजिये।

(G) विश्व स्वास्थ्य संगठन के उद्देश्यों का उल्लेख कीजिये।

(H) भारत में शिशु मृत्यु दर अधिक होने के कारणों का उल्लेख कीजिये।

(I) ''बालिकाओं की शिक्षा में सबसे बड़ा अवरोधक महिला विवाह अधिनियम, 2006 है।'' व्याख्या कीजिए।

(J) मध्य प्रदेश में कुपोषण के कारणों का उल्लेख कीजिये।

3. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 300 शब्दों में दीजिए :**

**(3 x 15 = 45)**

(A) सिविल अधिकार संरक्षण अधिनियम, 1955 की धारा 4 के अन्तर्गत प्रावधानों का उल्लेख कीजिए।

**अथवा**

अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 की धारा 3 (i) में अत्याचार के अपराधों के लिए दण्ड को स्पष्ट कीजिये।

(B) मजदूरों से सम्बन्धित कल्याणकारी कार्यक्रमों की कारखाना अधिनियम, 1948 के आधार पर व्याख्या कीजिये।

(C) 21वीं शताब्दी में संक्रामक बीमारियों की रोकथाम के उपायों का उल्लेख कीजिये।

# मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग

## सामान्य अध्ययन

### मुख्य परीक्षा-2017 ( तृतीय प्रश्न-पत्र )

**समय : 3 घंटे**

**पूर्णांक : 300**
**( खण्ड-अ 150 + खण्ड-ब 150 )**

**परीक्षार्थियों के लिए निर्देश :**

- इस प्रश्न-पत्र में **खण्ड-अ** एवं **खण्ड-ब** हैं। प्रत्येक खण्ड **150 अंक** का है।
  1. प्रत्येक खण्ड में कुल तीन प्रश्न हैं। सभी प्रश्नों के उत्तर देना आवश्यक है। प्रश्न क्रमांक 02 तथा 03 में आंतरिक विकल्प हैं। प्रश्न क्रमांक 02 में शब्द सीमा 100 है तथा प्रश्न क्रमांक 03 में शब्द सीमा 300 है।
  2. प्रश्नों के उत्तर उसी माध्यम से लिखे जाने चाहिए जिसका चयन आपने आवेदन-पत्र में किया है। किसी अन्य माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेगा। सभी 03 प्रश्न करना अनिवार्य है। प्रश्न-पत्र के अनुसार ही प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार दें, एक ही प्रश्न के विभिन्न भागों के उत्तर अनिवार्य रूप से एक साथ ही लिखे जायें तथा उनके बीच अन्य प्रश्नों के उत्तर न लिखे जायें।
  3. प्रथम प्रश्न लघु उत्तरीय है, जिसमें 15 अनिवार्य प्रश्न हैं। प्रत्येक का उत्तर एक अथवा दो पंक्तियों में देना है।
  4. जहाँ शब्द सीमा दी गई है, उसका अवश्य पालन करें।
  5. यदि किसी प्रश्न में किसी प्रकार की कोई मुद्रण या तथ्यात्मक प्रकार की त्रुटि हो, तो प्रश्न के हिन्दी तथा अंग्रेजी रूपांतरण में से अंग्रेजी रूपांतरण मानक माना जायेगा।

### खण्ड-अ

**1. निम्नलिखित पर एक या दो पंक्तियों में उत्तर लिखिये- (15 x 3 = 45)**

(A) रेडियो आइसोटोप्स क्या हैं?
(B) जैव विविधता के संवेदनशील क्षेत्र
(C) मिश्रधातु को परिभाषित कीजिये।
(D) डी.एन.ए.अंगुली छाप
(E) जीवाश्म ईंधन
(F) पूर्ण संख्याएँ
(G) भारी पानी
(H) बर्ड (पक्षी) फ्लू एवं स्वाइन (सूअर) फ्लू
(I) जैविक खेत
(J) ई-स्वास्थ्य
(K) मटोई (एम.टी.ओ.ई)
(L) सुनहरा चावल
(M) साफा (एस.ए.एफ.ए)
(N) नाभिकीय विखण्डन
(O) एक व्यक्ति को अपनी साइकिल रु 1140 में बेचने पर 05% का घाटा होता है। साइकिल को कितने में बेचने पर उसे 05% का लाभ होगा?

**2. निम्नलिखित में से किन्हीं 10 प्रश्नों के उत्तर लगभग 100 शब्दों में दीजिए : (10 x 6 = 60)**

(A) मानव अंत:स्त्रावीं तंत्र के बारे में संक्षिप्त में लिखिये।
(B) सौर ऊर्जा एवं मध्य प्रदेश प्रांत
(C) हरित रसायन विज्ञान क्या है?
(D) फेम (एफ.ए.एम.ई) भारत का संक्षिप्त में वर्णन कीजिए।
(E) विज्ञान एवम् तकनीकी के क्षेत्र में भारत के पूर्व राष्ट्रपति मानवीय स्वर्गीय डॉ.ए.पी.जे अब्दुल कलाम के योगदान की संक्षिप्त में विवेचना कीजिए।
(F) सुपर कम्प्यूटर एवं भारत
(G) विश्व बौद्धिक/प्राज्ञजीवी/बुद्धिजीवी सम्पदा संगठन (वाईपो) क्या है?
(H) अल-नीनो एवं ला-नीनो के प्रभाव की संक्षिप्त में विवेचना कीजिए।
(I) बॉस (बी.ओ.एस.एस.) का क्या तात्पर्य है?
(J) जैव विविधता की मध्य प्रदेश के विशेष संदर्भ में विवेचना कीजिए।
(K) जैव प्रौद्योगिकी एवं सामाजिक विकास
(L) हरित इमारतों का क्या तात्पर्य है?
(M) आपदा प्रबन्धन से आप क्या समझते हैं?
(N) ''मॉम'' (एम.ओ.एम.) क्या है?
(O) यदि रु 510 को X, Y, Z में इस प्रकार वितरित किया जाए कि X को Y का 2/3 तक मिले एवं Y को Z का 1/4th मिले, तो उक्त तीनों का अलग-अलग क्रमश: हिस्सा कितना होगा?

3. **निम्ननिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 300 शब्दों में दीजिये : (3 x 15 = 45)**

(A) ''वैश्विक ताप वृद्धि'' एवं ''जलवायु परिवर्तन'' क्या है? इनके कारणों को विवेचित कीजिए। जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभाव/प्रतिकूल प्रभाव लिखिये एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर इसकी रोकथाम के लिए किये जा रहे प्रयासों का वर्णन कीजिए।

(B) ''मेक इन इंडिया'' अभियान/कार्यक्रम क्या है? यह अभियान/कार्यक्रम भारत के सामाजिक एवं आर्थिक विकास में किस प्रकार सहायक सिद्ध होगा? समझाइये।

(C) निम्न पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए:
(i) नैनो-तकनीकी के विविध उपयोग
(ii) दूरस्थ संवेदन एवं भौगोलिक सूचना तंत्र (GIS)
(iii) मध्य प्रदेश राज्य में जल-संसाधन

(D) ''सुव्यवस्थित नगर-शहर''/ ''स्मार्ट सिटी'' की अवधारणा क्या है? ''सुव्यवस्थित नगर मिशन''/ ''स्मार्ट सिटी मिशन'' के संबंध में हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के लक्ष्य एवं उद्देश्य क्या हैं तथा साथ ही साथ इस मिशन से जुड़ने वाले शहरों के लिए आवश्यक मानदंड क्या हैं? मध्य-प्रदेश प्रांत के कौन-कौन से नगर-शहर इस मिशन से जुड़ने वाले हैं?

(E) निम्न पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए:
(i) नाभिकीय ऊर्जा एवं भारत
(ii) ई-अपशिष्ट प्रबन्धन
(iii) ''नमामि गंगे:'' एकीकृत ''गंगा'' संरक्षण मिशन

(F) निम्न सारणी का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें एवं नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर दें
किसी परीक्षा में प्रविष्ठ हुए 100 विद्यार्थियों का वनस्पति विज्ञान एवं प्राणी विज्ञान विषयों में प्राप्त अंकों के आधार पर वर्गीकरण।

| 50 में से अंक / विषय | 40 एवं अधिक | 30 एवं अधिक | 20 एवं अधिक | 10 एवं अधिक | 0 एवं अधिक |
|---|---|---|---|---|---|
| वनस्पति विज्ञान | 09 | 32 | 80 | 92 | 100 |
| प्राणी विज्ञान | 04 | 21 | 66 | 81 | 100 |
| पूर्ण योग | 07 | 27 | 73 | 87 | 100 |

1. कितने विद्यार्थी, जिन्होंने कुल अंक 40% से कम प्राप्त किए हैं?
2. यदि उच्च शिक्षा हेतु वनस्पति विज्ञान विषय में कम से कम 60% अंकों की आवश्यकता है तो कितने विद्यार्थी वनस्पति विज्ञान में उच्च शिक्षा प्राप्त करने के योग्य होंगे?
3. प्राणी विज्ञान विषय में 30 अंकों के कट-ऑफ पर पास होने वाले एवं पूर्ण योग में 30 अंकों के कट-ऑफ पर पास होने वाले विद्यार्थियों की संख्या के बीच कितना अंतर होगा?
4. उन विद्यार्थियों का प्रतिशत कितना होगा जिन्होंने प्राण ी विज्ञान में 60 अंक प्राप्त किए हैं तथा जिनके पूर्ण योग में कम से कम 40% अंक आए हैं?

## खण्ड-ब

1. **निम्नलिखित पर एक या दो पंक्तियों में उत्तर लिखिये : (15 x 3 = 45)**

(A) निजीकरण को परिभाषित करें।
(B) छद्म बेरोजगारी क्या है?
(C) गरीबी के मापदण्ड लिखिये।
(D) ''वित्तीय समावेशन'' को परिभाषित कीजिये।
(E) लिंग-विकास-सूचक क्या है?
(F) ''क्षेत्रीय-असंतुलन'' से आपका क्या अभिप्राय है?
(G) 'समावेशी विकास' किसे कहते हैं?
(H) राष्ट्रीय आय को परिभाषित करें।
(I) सेबी की भूमिका क्या है?
(J) 'खाद्य-सुरक्षा' के मापदण्ड
(K) गरीबी रेखा तथा भुखमरी रेखा के मध्य अन्तर क्या है?
(L) मध्य प्रदेश में सहकारिता की विशेषतायें क्या हैं?
(M) सामाजिक-रियायतें
(N) सार्वजनिक वितरण प्रणाली की कोई पाँच सीमाएँ लिखें।
(O) मानव विकास के तात्पर्य को उल्लेखित करें।

2. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 100 शब्दों में दीजिये। प्रत्येक प्रश्न 6 अंक का है। (10 x 6 = 60)**

(A) औद्योगीकरण क्या है? मध्य प्रदेश में कम औद्योगीकरण के क्या कारण हैं?

**अथवा**

भारतीय अर्थव्यवस्था की वर्तमान प्रमुख चुनौतियों की व्याख्या कीजिये।

(B) भारत के विकास में ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना का क्या योगदान रहा है? लिखिये।

**अथवा**

नई आर्थिक नीति 1991 का समीक्षात्मक विश्लेषण करें एवं बैंकिंग क्षेत्र पर इसके प्रभाव की व्याख्या करें।

(C) राष्ट्र के आर्थिक विकास में आधारभूत-संरचना के योगदान का आलोचनात्मक मूल्यांकन कीजिये।

**अथवा**

भारत में शहरीकरण एक बड़ी समस्या है। इसके भविष्य के दुष्परिणामों पर प्रकाश डालिये।

(D) भारत में क्षेत्रीय असंतुलनों को कैसे सुधारा जा सकता है?

**अथवा**

लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली को समझाइये।

(E) खाद्य-सुरक्षा से क्या समझते हैं? यह भारत जैसे देश के लिये क्यों आवश्यक है?

**अथवा**

ग्रामीण साख क्या है? इसमें नाबार्ड की भूमिका की समीक्षा कीजिये।

(F) आर्थिक विकास के तत्वों का उल्लेख कीजिए।

**अथवा**

मध्य प्रदेश के औद्योगीकरण की अवधारणा को समझाइये।

(G) ''स्मार्ट सिटी परियोजना'' की क्या संकल्पना है? मध्य प्रदेश के किन शहरों को चयनित किया गया और क्यों?

**अथवा**

मध्य प्रदेश में यातायात-विकास की बड़ी समस्यायें कौन सी हैं?

(H) भारत में उदारीकरण के प्रभावों को लिखिये।

**अथवा**

मध्य प्रदेश की खाद्य-सुरक्षा पर संक्षिप्त निबन्ध लिखिये।

(I) ''पूरा'' मॉडल को विस्तार से समझाइये।

**अथवा**

मध्य प्रदेश के आर्थिक विकास में 'जन वित्त' की भूमिका की आलोचनात्मक विवेचना कीजिए।

(J) 'ट्रिम्स' के उद्देश्यों को समझाइये।

**अथवा**

प्रवसन क्या है? मध्य प्रदेश में प्रवसन की क्या स्थिति है? लिखिये।

**3. निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर लगभग 300 शब्दों में दीजिये। प्रत्येक प्रश्न 15 अंक का है। (3 x 15 = 45)**

(A) भारत में शहरी तथा ग्रामीण बेरोजगारी की प्रकृति का वर्णन कीजिये। इसे दूर करने के लिये अभी हाल में सरकार द्वारा क्या कदम उठाये गये हैं? विस्तार से लिखिये।

**अथवा**

भारतीय कृषि पर उदारीकरण के विभिन्न प्रभावों की सविस्तार व्याख्या कीजिये।

(B) तीव्र समावेशी विकास क्या है? भारत में तीव्र समावेशी विकास ने (12वीं पंचवर्षीय योजना में) बेरोजगारी को कम करने में कैसे सहायता की है?

**अथवा**

'महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गा. रंटी' योजना की सफलता तथा असफलता पर समीक्षात्मक मूल्यांकन कर उत्तर की पुष्टि कीजिये।

(C) सामाजिक क्षेत्र के सम्बन्धित अर्थ-साहाय्य के क्या उद्देश्य हैं? ऐसी कौन-सी समस्यायें हैं जो इसके उद्देश्य को पूरा नहीं होने देती?

**अथवा**

भारतीय अर्थव्यवस्था की वर्तमान प्रवृत्तियों का उल्लेख करें।

# मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग
# सामान्य अध्ययन
## मुख्य परीक्षा-2017 ( चतुर्थ प्रश्न-पत्र )

**समय : 3 घंटे** | **पूर्णांक : 200**

**परीक्षार्थियों के लिए निर्देश :**

1. इस प्रश्न-पत्र में कुल 03 प्रश्न हैं तथा सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
2. प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने अंकित हैं।
3. प्रश्न क्रमांक 1 में कोई आंतरिक विकल्प नहीं है। शेष प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिया गया है।
4. प्रथम प्रश्न लघु-उत्तरीय है, जिसमें 15 अनिवार्य प्रश्न हैं। प्रत्येक का उत्तर एक अथवा दो पंक्तियों में देना है। प्रश्न क्रमांक 02 में शब्द सीमा 150 है।
5. जहाँ शब्द सीमा दी गई है उसका पालन करें।
6. प्रश्न-पत्र के अनुसार ही प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार दें। एक प्रश्न के विभिन्न भागों के उत्तर अनिवार्य रूप से क्रमानुसार लिखे तथा उनके बीच अन्य प्रश्नों के उत्तर ना लिखें।
7. यदि किसी प्रश्न में किसी प्रकार की तथ्यात्मक तथा मुद्रण त्रुटि हो तो प्रश्न के हिन्दी तथा अंग्रेजी में से अंग्रेजी रूपान्तर को मानक माना जायेगा।

**1. निम्नलिखित प्रत्येक लघु-उत्तरीय प्रश्न का उत्तर एक या दो पंक्तियों में दीजिए : (15 x 3 = 45)**

(A) नैतिक मूल्यों को परिभाषित कीजिए।
(B) प्रशासन में खुलेपन और पारदर्शिता से क्या आशय है?
(C) 'अर्थशास्त्र' पुस्तक के लेखक कौन हैं?
(D) आंतरिक अभिप्रेरणा का अर्थ समझाइए
(E) कबीर के पदों का संकलन क्या कहलाता है?
(F) अरस्तू के चार कारण क्या हैं?
(G) पूर्वाग्रह का अर्थ क्या है?
(H) विधेयात्मक स्व संकल्पना से आप क्या समझते हैं?
(I) 'सर्वोदय' का अर्थ समझाइए
(J) 'परिस्थितिपरक निर्णय परीक्षण' क्या होता है?
(K) मनोवृत्ति के संघटकों के नाम बताइए।
(L) आर्य समाज के संस्थापक कौन थे?
(M) 'फुट-इन-द-डोर तकनीक' से क्या तात्पर्य है?
(N) भ्रष्टाचार के मुख्य कारण बताइए।
(O) केन्द्रीय सतर्कता आयोग से आप क्या समझते हैं?

**2. निम्नलिखित में से किन्हीं 15 प्रश्नों के उत्तर लिखिए। प्रत्येक उत्तर लगभग 150 शब्दों की सीमा में हों : (15 x 6 = 90)**

(A) प्रशासन में सत्यनिष्ठा और नैतिकता बढ़ाने के उपायों की चर्चा कीजिए।
(B) प्रशासकीय अधिकारियों के प्रशिक्षण में नैतिकता प्रशिक्षण के उद्देश्यों की चर्चा कीजिए।
(C) भारतीय राजनीतिक चिंतन में कौटिल्य के योगदान पर प्रकाश डालिए।
(D) कबीर के काव्य में सामाजिक चेतना पर टिप्पणी कीजिए।
(E) स्वामी दयानन्द सरस्वती के समाज-दर्शन पर प्रकाश डालिए।
(F) जैन-दर्शन में 'अनेकान्तवाद' के सिद्धांत की विवेचना कीजिए।
(G) राष्ट्रीय चेतना के जागरण में स्वामी विवेकानन्द के योगदान की चर्चा कीजिए।
(H) डॉ.भीमराव आम्बेडकर के सामाजिक चिन्तन पर टिप्पणी कीजिए।
(I) गाँधी-दर्शन में 'ट्रस्टीशिप' की अवधारणा को समझाइए।
(J) एकात्म-मानवतावाद की प्रासंगिकता समझाइए।
(K) मनोवृत्ति का अर्थ एवं विशेषताएँ समझाइए।
(L) 'प्रबोधक संप्रेषण' की संकल्पना की विवेचना कीजिए।
(M) समानुभूति में सक्रिय श्रवण की भूमिका पर चर्चा कीजिए।
(N) रवीन्द्रनाथ टैगोर के शिक्षा-दर्शन पर प्रकाश डालिए।
(O) लोक सेवा हेतु आधारभूत योग्यताओं में निष्पक्षता तथा असमर्थकवादिता क्या है?
(P) भ्रष्टाचार के दुष्प्रभावों की व्याख्या कीजिए।
(Q) भारत में व्हिसल-ब्लोअर संरक्षण विधेयक पर टिप्पणी कीजिए।
(R) 'भ्रष्टाचार-मापन' तथा ट्रांसपेरेन्सी इन्टरनेशनल' पर टिप्पणी कीजिए।

**3. पाठ्यक्रम में सम्मिलित विषय-वस्तु पर आधारित प्रकरणः**

**(A) प्रथम प्रकरण : (2 x 15 = 30)**

**विषय : बाल श्रम : कारण एवं निवारण**

श्रीमान एक्स उपजिला अधिकारी हैं, उन्होंने कल दोपहर का लंच एक होटल में किया।

उन्होंने वहाँ देखा कि कुछ छोटे बच्चे टेबल साफ कर रहे हैं, और बर्तन धो रहे हैं।

एक प्रशासकीय अधिकारी के रूप में उनका नैतिक दायित्व क्या है? क्योंकि यह समस्या बाल श्रम एवं बाल-शोषण दोनों से जुड़ी हैं।

**उपर्युक्त प्रकरण के परिप्रेक्ष्य में किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए :**

(a) क्या उन्हें बच्चों को होटल से मुक्त करवा कर उनके पुनर्वास की कोशिश करनी चाहिए?

(b) क्या उन्हें उस क्षेत्र के सम्बन्धित अधिकारी के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही करनी चाहिए?

(c) क्या यह सामाजिक समस्या प्रशासनिक हस्तक्षेप के बिना समाप्त हो सकती है?

**(B) द्वितीय प्रकरण : (5 x 7 = 35)**

**विषय : नक्सल समस्या- बंधकों की मुक्ति**

श्रीमान एक्स एक उच्च प्रशासनिक अधिकारी हैं, एक दिन खबर आती है, कि कुछ नक्सलियों ने 55 के लगभग नागरिकों को बंधक बना लिया है, जिनमें 12 बच्चे हैं, 4 विदेशी भी शामिल हैं। नक्सलियों ने माँग की है कि उनके दस साथियों को जेल से रिहा किया जाए और उन पर लगाए मुकदमें भी वापस लिए जाएँ। सरकार ने किसी और तरीके से समस्या सुलझाने का प्रयास किया, किंतु इसी बीच नक्सलियों ने एक बंधक की हत्या कर दी। जनता की माँग है, कि बंधकों को छुड़ाया जाए। राज्य सरकार ने श्रीमान एक्स को इस समस्या में उचित निर्णय लेने के लिए नियुक्त किया है, वे चाहें तो समस्या के समाधान हेतु नक्सली नेताओं से वार्ता भी कर सकते हैं।

**उक्त प्रकरण के परिप्रेक्ष्य में निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :**

(a) क्या श्रीमान एक्स को नक्सली नेताओं से चर्चा करनी चाहिए?

(b) क्या सैनिक कार्यवाही करना उचित होगा अथवा नहीं?

(c) मीडिया की इस प्रकरण में क्या भूमिका होनी चाहिए?

(d) यदि वार्ता का प्रयास विफल रहता है, तो क्या सरकार को नक्सलियों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही करनी चाहिए अथवा नहीं?

(e) क्या कोई अन्य बाह्य दबाव बनाया जाना चाहिए?

# मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग
## सामान्य हिन्दी
## मुख्य परीक्षा-2017 (पाँचवां प्रश्न-पत्र)

**समय : 3 घंटे**

**पूर्णांक : 200**

**परीक्षार्थियों के लिए निर्देश :**

1. इस प्रश्न-पत्र में कुल दस प्रश्न है।
2. सभी प्रश्न अनिवार्य है।
3. प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने अंकित हैं।
4. प्रश्न क्रमांक 1 में कोई विकल्प नहीं है। शेष प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिया गया है।
5. जहाँ शब्द सीमा दी गई है उसका पालन करें।
6. प्रश्न-पत्र के अनुसार ही प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार दें। एक प्रश्न के विभिन्न भागों के उत्तर अनिवार्य रूप से क्रमानुसार लिखें तथा उनके बीच अन्य प्रश्नों के उत्तर ना लिखें।

**निर्देश : सभी प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित हैं।**

**1. इन लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर अधिकतम 50 शब्दों में (एक या दो पंक्तियों में) दीजिए। प्रत्येक प्रश्न 03 अंकों का है। (20 x 3 = 60)**

(i) 'स्त्रोत भाषा' और 'लक्ष्य भाषा' का परिचय दीजिए।

(ii) तद्‌भव शब्द का अर्थ समझाते हुए नृत्य, उष्ट्र, पुष्प और दुर्लभ शब्दों का तद्‌भव रूप लिखिए।

(iii) कार्यालयी भाषा के मुख्य गुण क्या-क्या हैं?

(iv) 'शब्द-युग्म' का तात्पर्य समझाइए।

(v) अर्धपारिभाषिक शब्द का तात्पर्य क्या है?

(vi) अनुवादक के तीन गुण लिखिए।

(vii) स्वर संधि का तात्पर्य क्या है?

(viii) संज्ञा के कितने भेद हैं और वे कौन-कौन से हैं?

(ix) उपसर्ग का तात्पर्य क्या है?

(x) हिन्दी में मुख्य विराम चिह्न कौन-कौन से हैं?

(xi) कारकों के अनुसार तत्पुरूष समास के कितने भेद हैं?

(xii) संक्षेपण माने क्या है?

(xiii) पल्लवन की विशेषताएँ लिखिए।

(xiv) राजभाषा किसे कहते हैं?

(xv) लोकोक्ति और मुहावरे में अंतर क्या है?

(xvi) मूर्धा से उच्चारित होने वाली ध्वनियाँ कौन-कौन सी हैं?

(xvii) खड़ीबोली का विकास किस अपभ्रंश से है और यह मुख्य रूप से कहाँ-कहाँ बोली जाती है?

(xviii) विसर्ग संधि माने जाते है?

(xix) पर्यायवाची शब्द का मतलब क्या है?

(xx) विलोम शब्द माने क्या है?

**2. निम्नलिखित गद्यावतरण का हिन्दी से अंग्रेजी अनुवाद कीजिए- (20)**

वास्तव में पारिभाषिक शब्दावली की समस्या भारतीय भाषाओं के सामने पहली बार नहीं आ रही है। जनभाषा के पक्ष में जिन लेखकों ने संस्कृत में लिखने की पूर्व परिपाटी को छोड़ना चाहा, उनमें से प्रत्येक ने भाषा-निर्माण के स्थान पर शब्दों को अन्य भाषाओं से ग्रहण कर अपना काम चलाया है। वस्तुत: शब्द और शब्द-समूह को ग्रहण करने में किसी भाषा का अपमान नहीं होता। यह नितांत स्वाभाविक प्रक्रिया है। शब्दों और अभिव्यक्तियों को केवल शब्द-भंडार बढ़ाने के लिए नहीं लिया जाता वरन् किसी विशेष संदर्भ में प्रयुक्त होने वाले शब्दों को उसी संदर्भ में उपयुक्त मानते हुए ग्रहण करना होता है।

**अथवा**

ग्रामीण लोग यहाँ अधिकतर निरक्षर हैं। वे छोटी-छोटी बातों पर आपस में लड़ते रहते हैं। जब-तब वे न्यायालयों में जाते रहते हैं और अपना काफी पैसा व्यर्थ गँवाते हैं। एक बार एक गाँव वाले ने अपने एक पड़ोसी के विरूद्ध मुकदमा दायर किया। उसने अपने पड़ोसी पर यह आरोप लगाया कि इसने मेरे मवेशी चुराए हैं। उसने कई गवाह पेश किए। पड़ोसी ने न्यायालय को बताया कि उसके पशु उसकी फसल को बर्बाद कर रहे थे। उसने भी कई गवाह पेश किए। मजिस्ट्रेट ने जाँच के लिए आदेश दिया। जाँच से पता चला कि पहले आदमी के कोई पशु नहीं थे और दूसरे की कोई फसल नहीं थी।

**3. निम्नलिखित अंग्रेजी गद्यावतरण का हिन्दी में अनुवाद कीजिए : (15)**

In the Mahabharata there are three main places where Dharma is discussed. In the Karnaparva, it is made definite that, "that which holds together the people is Dharma". In the Shantiparva the scope of Dharma is defined as concerned with the duties of Kings and subjects, of the four orders, and of the modes of life; besides, Dharma is supposed to lay down the duties of man as man; and duties suited to every stage of evolution are discussed with clarity.

**अथवा**

Now that our beloved country is free from foreign domination we have limitless opportunities to progress in all directions and make India strong and powerful. This can be done if the industrialists strive to produce more and more wealth. In order to achieve this objctive of increased production, industrialists should shake hands with workers. Capital and labour are the twin wheels of industrial progress. Labourers will work with more zeal enthusiasm if they are assured of fair terms from capitalists.

**4. निम्नलिखित गद्यांश का एक-तिहाई शब्दों में संक्षेपण कीजिए तथा रेखांकित पंक्तियों का भाव-पल्लवन अपने शब्दों में कीजिए। (10+5=15)**

हमारे शास्त्रों में धर्म का धर्म का जहाँ भी प्रसंग आया है, बड़ी रोचक और स्पष्ट व्याख्या की गई है तब भी धर्म को गूढ़ बतलाया गया है। गूढ़ अर्थात् रहस्यों से भरा हुआ। कई प्रसंग ऐसे भी आए जहाँ बड़े-बडे ज्ञानी भी धर्म को सही ढंग से परिभाषित करने में चूक गए। उन्हें मौन होना पड़ा। महाभारत का एक बड़ा ही मर्मस्पर्शी प्रसंग है। युधिष्ठिर जब पाँचों भाइयों सहित स्वयं को जुए में हार गए तब क्या उन्हें द्रौपदी को भी दाव पर रखने का अधिकार था? इस विषय पर भीष्म पितामह, द्रोणाचार्य और विदुर जैसे महाज्ञानी भी मौन होकर देखते रहे। दाव पर रखी गई द्रौपदी का सभा में चीर हरण होता रहा। विकर्ण ने इस बात का सिर्फ विरोध ही नहीं किया, अपितु अपने विवेक के अनुसार उसने धर्म को परिभाषित करने का भी प्रयास किया। अपने इतने ही संक्षिप्त चरित्र के कारण महाभारत का पात्र विकर्ण अमर हो गया।

**अथवा**

'रामचरितमानस' के उत्तरकांड में गरूड़ ने काकभुशुण्डि से सात प्रश्न पूछे हैं। वे प्रश्न मानवीय अस्तित्व के बुनियादी प्रश्न हैं और उनके उत्तर भी उतने ही अर्थवान। जितने संक्षिप्त प्रश्न उतने ही सागरर्भित उत्तर। जैसे तुलसी अपने जीवन भर के अनुभवों का निचोड़ दे रहे हों। गरुड़ का एक प्रश्न है- 'बड़ दुख कवन, कवन सुख भारी' अर्थात् सबसे बड़ा दुख और सबसे बड़ा सुख क्या है? काकभुशुण्डि एक ही चौपाई में इसका 'जो उत्तर देते हैं, वह तुलसी जैसा बड़ा कवि ही लिख सकता था। वे कहते हैं- ''नहिं दरिद्र सम दुख जग माहीं, संत मिलन सम सुख जग नाहीं'' अर्थात् दारिद्रय के समान कोई दुख नहीं और संत मिलन के समान कोई सुख नहीं है। विचार करें कि यदि दारिद्रय सबसे बड़ा दुख है तो उसका उल्टा अर्थात् आर्थिक संपन्नता को सबसे बड़ा सुख कहना चाहिए। मगर तुलसी ऐसा नहीं कहते हैं।

5. ग्रामोद्योगों को प्रोत्साहित करने के लिए जनता की भागीदारी की आवश्यकता तथा ग्रामोद्योग-उत्पाद्यों को जनता के बीच अधिकाधिक उपयोग में लाने के संबंध में राज्य के पंचायतों को राज्य-सचिवालय से भेजे जाने वाले परिपत्र का प्रारूप प्रस्तुत कीजिए। ( 15 )

**अथवा**

किसी सामाजिक कार्यकर्ता के पत्र के उत्तर में आदिवासी कल्याण विभाग द्वारा आदिवासियों के लिए किए गए प्रगतिशील कार्यों का विवरण देते हुए अर्ध-शासकीय पत्र का प्रारूप प्रस्तुत कीजिए।

**6. निम्नलिखित अंग्रेजी शब्दों में से किन्हीं पाँच के हिन्दी पारिभाषिक रूप लिखिए : (15)**

(i) Accelerator (ii) Breeding
(iii) Ceiling (iv) Analogy
(v) Bond (vi) Contract
(vii) Adjournment (viii) Act
(ix) Oscillation (x) Jurisdiction

**अथवा**

निम्नलिखित हिन्दी शब्दों में से किन्हीं पाँच के अंग्रेजी परिभाषिक शब्द लिखिए।

(i) लेखाकार (ii) कक्ष/प्रकोष्ठ
(iii) परिपत्र (iv) अनुलग्नक
(v) प्रतिनियुक्ति (vi) पहचान पत्र
(vii) अनुभाग (viii) परिसमापन
(ix) कंपनी (x) संश्लेषण

**7. निम्नलिखित मुहावरों/कहावतों में से किन्हीं पाँच का अर्थ स्पष्ट करते हुए उनका वाक्यों में प्रयोग कीजिए- (5 x 3 = 15)**

(i) अँगूठा दिखाना
(ii) अपना उल्लू सीधा करना
(iii) ईंट का जवाब पत्थर से देना
(iv) कमर कसना
(v) दाल न गलना
(vi) ऊँट के मुँह में जीरा
(vii) जल में रहकर मगरमच्छ से बैर
(viii) डूबते को तिनके का सहारा
(ix) थोथा चना बाजे घना
(x) मुँह में राम बगल में छुरी

**8. निम्नलिखित में से किन्हीं पाँच के उत्तर दीजिए- (5 x 3 = 15)**

(i) परम+अर्थ की संधि कीजिए।
(ii) 'महेन्द्र' का संधि-विच्छेद कीजिए।
(iii) 'यथाशक्ति' में कौन-सा समास है?
(iv) 'समीप' का समानार्थी शब्द लिखिए।
(v) 'कमल' शब्द के तीन पर्यायवाची शब्द लिखिए।
(vi) 'उच्चवर्ग' का विलोम शब्द लिखिए।
(vii) 'जलद' और 'जलज' का अर्थ स्पष्ट कीजिए।
(viii) अर्धविराम के चिह्न को अंकित कीजिए।
(ix) 'दूध' का तत्सम शब्द लिखिए।
(x) 'हस्त' शब्द का तद्भव शब्द लिखिए।

**9. निम्नलिखित गद्यांश के आधार पर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए : (5 x 3 = 15)**

प्रत्येक राष्ट्र की अपनी एक सांस्कृतिक धरोहर होती है, जिसके बल पर वह प्रगति के पथ पर अग्रसर होता रहता है। मानव युग-युग से अपने जीवन को अधिक सुखमय, उपयोगी, शांतिमय और आनंदपूर्ण बनाने का प्रयत्न करता रहा है। इस प्रयास का आधार वह सांस्कृतिक धरोहर होती है जो प्रत्येक मानव को विरासत के रूप में मिलती है और इस प्रयास के फलस्वरूप मानव अपना विकास करता है। कुछ लोग सभ्यता और संस्कृति को एक ही मानते हैं। यह उनकी भूल है। यों तो संस्कृति और सभ्यता में घनिष्ठ संबंध है; किन्तु संस्कृति मानव जीवन को श्रेष्ठ एवं उन्नत बनाने की साधना का नाम है और सभ्यता उन साधनाओं के फलस्वरूप उपलब्ध हुई जीवन-प्रणाली का नाम है। सभ्यता के भीतर बहने वाली विचारधारा को हम संस्कृति कह सकते हैं। किसी राष्ट्र की सभ्यता का मूल्यांकन हम उसकी संस्कृति के आधार पर कर सकते हैं।

(i) उपर्युक्त गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक दीजिए।
(ii) सभ्यता और संस्कृति में क्या अंतर है?
(iii) मानव अपना विकास कैसे कर पाता है?
(iv) संस्कृति क्या है?
(v) किसी राष्ट्र की सभ्यता का मूल्यांकन हम कैसे कर सकते हैं?

**अथवा**

नौजवानों ! इस वक्त तुम्हारी कोई मंजिल नहीं, क्योंकि अब तक तुम्हें मंजिल किसी ने दिखाई ही नहीं। 'बढ़े चलो' सभी कहते रहे। कहाँ? यह न किसी ने बताया न किसी ने पूछा। अब पूछने की आवश्यकता भी नहीं - अपनी मंजिल खुद तय करो ! इस मंजिल को तय करते समय इतना ध्यान रहे कि तुम वह ही नहीं, जो नित्य नई छवियाँ धारण करते नगरों के कॉलेजों, दफ्तरों या रास्तों में हो, तुम बर्फीली चोटियों और ऊँची-नीची पथरीली राहों पर देश का भार अपनी पीठ पर लादने वालों में भी हो और तपने रेगिस्तानों में ऊँटों के काफिलों पर देश की प्रतिष्ठा ढोने वालों में भी! वह तुम ही हो जो न गरजती हुई समुद्री लहरों के थपेड़ों में मछलियाँ पकड़ते हुए भयभीत होते हो और न दिन-रात मशीनों की गड़गड़ाहट सुनकर बहरे होते हो ! अपने इस सपनों को एक कर लो, तब देखो तुम कितने महान हो, कितने विशाल!

(i) उपर्युक्त गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक दीजिए।
(ii) आज नौजवानों को कोई मंजिल क्यों नहीं दिखती?
(iii) नौजवान किस-किस क्षेत्र में साधना में रत हैं?
(iv) जीवन संघर्ष का महत्व क्या है?
(v) हम कैसे महान बन सकते हैं?

10. किसी राष्ट्रीय फिल्मोत्सव के उद्घाटन समारोह पर संक्षिप्त प्रतिवेदन प्रस्तुत कीजिए। **( 15 )**

**अथवा**

'विश्व हिन्दी सम्मेलन' पर संक्षिप्त प्रतिवेदन प्रस्तुत कीजिए।

# मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग

## निबंध लेखन

### मुख्य परीक्षा-2017 (छठा प्रश्न-पत्र)

**समय : 2 घंटे** | **पूर्णांक : 100**

**परीक्षार्थियों के लिए निर्देश :**

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
2. प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने अंकित हैं।
3. सभी प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं।
4. जहाँ शब्द सीमा दी गई है, उसका अवश्य पालन करें।
5. प्रश्न-पत्र के अनुसार ही प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार दें।

**1. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक पर लगभग 1000 शब्दों में निबंध लिखिए।** (50)

(अ) उच्च शिक्षा में बाजार मूल्य और जीवन मूल्य का द्वन्द्व

(ब) राष्ट्रवाद और वसुधैव कुटुम्बकम् की अवधारणा

(स) गांधीवादी दृष्टिकोण और प्रगतिशील राजनीतिक चेतना

(द) मानव मूल्य और साहित्य

**2. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक पर लगभग 250 शब्दों में निबंध लिखिए।** (25)

(अ) बालश्रम : कारण एवं निवारण

(ब) नोट बन्दी और काला धन

(स) विकास का रास्ता गाँवों से होकर गुजरता है।

(द) सिनेमा और साहित्य

**3. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक पर लगभग 250 शब्दों में निबंध लिखिए।** (25)

(अ) नैतिक मूल्य और आज की शिक्षा

(ब) समान अचार संहिता

(स) मीडिया और हिन्दी का प्रसार

(द) भारत की युवा शक्ति